दिन– सोमवार

दिनांक– 01 ⁄ 07 ⁄ 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. देश में तीन नये आपराधिक कानून आज से लागू। राज्य के सभी थानों में आम जनता को नए कानूनों की जानकारी देने के लिए किया जा रहा है विशेष कार्यक्रम का आयोजन।

02. सीबीआई ने नीट– यूजी परीक्षा के कथित प्रश्न पत्र लीक मामले में सोलह आरोपियों से पूछताछ की।

03. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, किशनगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, भोजपुर और सुपौल समेत आस–पास के स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, बाल अधिकार संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भागलपुर को प्राप्त हुआ सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

देश में तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो गये हैं। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि नए कानूनों में औपनिवेशिक कानूनों के विपरीत न्याय प्रदान करने पर जोर दिया गया है, जबकि औपनिवेशिक कानूनों में सज़ा पर अधिक ध्यान दिया जाता था। मुम्बई में एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि नए कानून विभिन्न पक्षों के साथ व्यापक परामर्श के बाद बनाए गए हैं।

———बाईट———

अब जज साहब आप बैठे–बैठे ही वो ई प्लेटफॉर्म पर डाल देंगे, ई कोर्ट प्लेटफॉर्म पर तो वो ई प्रीजन प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाएगा। तो जैसे ही ऑर्डर पास होगा, छुट जाएगा, तो यही विषय है लेकिन फिर भी आलोचना। ई फोरेंसिक प्लेटफॉर्म, ई प्रोसिक्यूशन प्लेटफॉर्म, ई कोर्ट और ये सारे सिस्टम को हम कह रहे हैं क्राइम एन्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क सिस्टम।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

ये विधेयक पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का लक्ष्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करना और साथ ही पीड़ितों को एफआईआर की मुफ्त प्रति मिलना शामिल है। इसके अलावा, गिरफ्तारी की स्थिति में व्यक्ति को इच्छानुसार किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार है। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को भी प्राथमिकता दी गई है। अर्पिता की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति प्रताप सिंह।

नये आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो — एनसीआरबी ने मौजूदा अपराध और अपराध ट्रेकिंग नेटवर्क और प्रणालियों में तेईस संशोधन किये हैं। ब्यूरो राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को इस बारे में आवश्यक तकनीकी सहयोग भी दे रहा है। नये कानूनों पर जागरूकता बढ़ाने के मकसद से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और सभी उच्च शिक्षण संस्थान विचार—विमर्श, कार्यशालाएं, प्रश्नोत्तरी—सत्र और क्विज का आयोजन करेंगे। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सभी पुलिस थानों के प्रभारी भी नये कानूनों के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानून को लेकर सभी थानों के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आज राज्य के सभी थानों में आम जनता को नए कानूनों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित नागरिकों को कानून से जुड़े बड़े बदलाव पर तैयार एक पुस्तिका भी उपलब्ध कराई जायेगी। बिहार पुलिस की वेबसाईट पुलिस डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर तीनों आपराधिक कानून हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण में उपलब्ध हैं।

———————————————————————

कानूनविदों ने तीनों नये अधिनियमों में शामिल किए गए सुधारों की सराहना की है। विधि मामलों के जाने माने शिक्षाविद और चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना के कुलपति प्रोफेसर फैजान मुस्तफा ने भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा के प्रावधान को स्वागत योग्य बताया है।

———बाईट———.

वहीं, पूर्व आईपीएस अधिकारी अनुराधा शंकर ने कहा है कि इन तीनों कानूनों में न्याय पर अधिक जोर दिया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने कथित नीट– यूजी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में पटना के बेऊर जेल में बंद सोलह आरोपियों से पूछताछ की। सीबीआई के अधिकारी हजारीबाग से गिरफ्तार डॉ. एहसानुल हक, इम्तियाज आलम और जमालुद्दीन को पांच दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहे हैं। साथ ही अन्य आरोपियों चिंटु, मुकेश, आशुतोष और मनीष प्रकाश से भी पूछताछ जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन आरोपियों से अलग–अलग पूछताछ के बाद आमने–सामने बैठाकर भी पूछताछ की गयी। इधर, इस मामले में सीबीआई ने गुजरात के गोधरा के एक निजी स्कूल के मालिक को भी गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने चौबीस जून को इस मामले की जांच शुरू की थी।

————————————————————————

मॉनसून के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले तीन से चार दिन तक प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य समेत विभिन्न भागों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीतामढ़ी, शिवहर, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, पूर्णियां, मधुबनी और सुपौल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि बिहार के उपर एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके प्रभाव से बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी है।

———बाईट———

————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण उत्तर बिहार की नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है और कई इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सीतामढ़ी जिले में रातो, मरहा, हरदी और अधवारा समूह की नदियां उफान पर हैं। इस कारण कई क्षेत्रों में आवागमन बाधित हो गया है। झीम नदी का पानी सोनबरसा बाजार के आस–पास फैल गया है। वहीं, कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए कोसी बराज के उनतीस फाटक खोल दिये गये हैं। इधर, मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड में बागमती नदी के जलस्तर में पांच फुट की वृद्धि दर्ज की गयी है, जिससे पीपा पुल पर वाहनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। प्रखंड की चौदह

पंचायतों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार महानंदा और परमान नदी का जलस्तर पूर्णियां और अररिया में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार महानंदा नदी पूर्णिया के ढेंगराघाट में खतरे के निशान से चौदह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, परमान नदी का जलस्तर अररिया में लाल निशान से उनहत्तर सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है।

———————————————————————

प्रदेश में कक्षा एक से बारहवीं तक के सभी सरकारी स्कूलों का संचालन आज से नई समय सारणी के अनुसार सुबह नौ बजे से किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी निर्धारित समय से दस मिनट पहले विद्यालय पहुंचेंगे। पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक अपने स्तर पर समय सारणी में कोई बदलाव नहीं कर सकते हैं। कक्षाएं दोपहर बाद सवा तीन बजे तक चलेंगी। शिक्षकों को साढ़े चार बजे तक स्कूल में ठहरना होगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा – दो हजार छब्बीस के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस परीक्षा के लिए नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र चौदह जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन से पहले निर्धारित शुल्क ग्यारह जुलाई तक जमा करना होगा। बोर्ड ने कहा है कि रजिस्ट्रेशन फार्म में अंकित विवरणी के अनुसार ही छात्र मैट्रिक परीक्षा का फार्म भर सकते हैं। बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन में सतर्कता बरतने की भी सलाह दी है।

———————————————————————

भागलपुर जिले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले का पुरस्कार प्रदान किया गया है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार एक युद्ध नशे के विरूद्ध कार्यक्रम के तहत चलाये गये अभियान के लिए दिया गया।

———————————————————————

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप जीतने वाली टीम इंडिया के लिए एक सौ पच्चीस करोड रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है। बोर्ड

के सचिव जय शाह ने भारत की एतिहासिक विजय के बाद यह घोषणा की। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान असाधारण प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने सभी खिलाडियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के सभी मैच और विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, दो हजार चौबीस–पच्चीस के तहत आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके लिये इकतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर सशस्त्र अपराधियों ने हजारों रूपये लूट लिये। अपराधियों ने प्रतिरोध करने पर डेयरी कर्मी और एक महिला ग्राहक की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने आज से नए आपराधिक कानूनों के लागू होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबरों ने कानून के प्रावधानों में बदलाव से जुड़े तथ्यों को भी तरजीह दी है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– ब्रिटिश काल से चले आ रहे तीन कानून समाप्त हो जायेंगे, नए आपराधिक कानून आज से।

**दैनिक जागरण** ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की कार्रवाई पर लिखा है– आरोपितों से पूछताछ जारी, संजीव और रॉकी की टोह ले रही सीबीआई।

**दैनिक भास्कर** ने पेरिस ओलंपिक में विधायक श्रेयसी सिंह के भाग लेने पर लिखा है– ओलंपिक खेलने जा रही देश की पहली विधायक ने कहा– लक्ष्य सही हो तो तीर निशाने पर लगता है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– आज से बदलाव : क्रेडिट से सिम कार्ड तक पर असर।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. देश में तीन नये आपराधिक कानून आज से लागू। राज्य के सभी थानों में आम जनता को नए कानूनों की जानकारी देने के लिए किया जा रहा है विशेष कार्यक्रम का आयोजन।

02. सीबीआई ने नीट– यूजी परीक्षा के कथित प्रश्न पत्र लीक मामले में सोलह आरोपियों से पूछताछ की।

03. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, किशनगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, भोजपुर और सुपौल समेत आस–पास के स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04. और, बाल अधिकार संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भागलपुर को प्राप्त हुआ सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।